# दिल्ली पब्लिक स्कूल

## बोकारो इस्पात नगर

## <u>सत्र – 2013 – 2014</u>

**कक्षा – 9** **विषय–हिन्दी** **नियत कार्य–3**

प्र01. निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्पों का चयन कीजिए–

सन् 1857 ई. के विद्रोही नेता धुँधूपंत नाना साहब कानपुर में असफल होने पर भागने लगे, तो वे जल्दी में अपनी पुत्री मैना को साथ न ले जा सके। देवी मैना बिठूर में पिता के महल में रहती थी पर विद्रोह दमन करने के बाद अंग्रजों ने बड़ी ही कूरता से उस निरीह और निरपराध देवी को अग्नि में भस्म कर दिया। उसका रोमांचकारी वर्णन पाषाण ह्रदय को भी एक बार द्रवीभूत कर देता है।

1 .नाना साहब ने किसके विरूद्ध विद्रोह किया था? 1

क.बहादुरशाह जफर के विरूद्ध  ख. लक्ष्मीबाई के विरूद्ध ।

ग. अंग्रेजों के विरूद्ध  घ. गाँधी जी के विरूद्ध ।

;2 नाना साहब अपनी बेटी को महल में क्यों छोड़ गए थे? 1

क .जल्दी में उसे वे ले नहीं जा सके।  ख. महल की देखभाल के लिए।

ग .क्रांतिकारियों को सूचना देने के लिए।  घ. वे उसे प्यार नहीं करते थे।

3. नाना साहब का आवास कहाँ था? 1

क. दिल्ली में ।  ख .मद्रास में।  ग. बिठूर में ।  घ. कानपुर में।

4. अंग्रेजों ने मैना को किस प्रकार मार डाला? 1

क. तोप से।  ख जलाकर।  ग.तलवार से  घ. बंदूक से।

5. 'पाषाण – ह्रदय' का क्या अर्थ है? 1

क. मजबूत दिल।  ख.संवेदनाशून्य।  ग. कठोर – ह्रदय।  घ. संवेदनशील।

प्र02. निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षेप मे उत्तर दीजिए।

क.सालिम अली हर समय क्या लिए रहते थे और क्यों?

ख. मैना की अंतिम इच्छा क्या थी? क्या उसकी इच्छा पूरी हो सकी?

ग. 'तुम परदे का महत्व ही नहीं जानते, हम परदे पर कुर्बान हो रहे है। इस कथन का आशय 'प्रेमचंद के फटे जूते' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

घ गुरुदेव ने शांति निकेतन को छोड़ कहीं और रहने का मन क्यों बनाया?

ङ. सुभद्रा कुमारी चौहान ने महादेवी वर्मा की काव्य प्रतिभा को निखारने में किस प्रकार योगदान दिया?

प्र03. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर उसके प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए।

हसमुख हरियाली हिम– आतप

सुख से अलसाए–से सोए,

भीगी अंधियाली मे निशि की

तारक स्वप्नों में–से खोए

मरकत डिब्बे सा खुला ग्राम

जिस पर नीलम नभ आच्छादन

निरूपम हिमांत मे स्निग्ध शांत

निज शोभा से हरता जन मन।

1.कवि ने हरियाली को हंसमुख क्यों कहा है?

2. अंधेरी रात में तारे कैसे नजर आते हैं?

;3.लोगों के मन को कौन हर रहा है?

4. कवि ने मरकत के डिब्बे से गाँव की तुलना क्यों की है?

5. 'हिमांत' शब्द किस मौसम की ओर संकेत कर रहा है?

प्र04. निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षेप में उत्तर दीजिए।

1. 'यमराज की दिशा' कविता के आधार पर लिखिए कि आज हर दिशा दक्षिण दिशा क्यों हो गई है?

2 मेघ रूपी मेहमान के आने से वातावरण में क्या परिवर्तन हुए?

3. बच्चों का काम पर जाना धरती के एक बड़े हादसे के समान क्यों है ?

प्र05. 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी के शीर्षक की सार्थकता स्पष्ट कीजिए।

अथवा

'गरीब आदमी का श्मशान नहीं उजड़ना चाहिए।' 'माटी वाली' कहानी के आधार पर इस कथन का आशय स्पष्ट कीजिए।

प्र06. प्रातः कालीन भ्रमण के लाभ बताते हुए अपनी छोटी बहन को पत्र लिखिए।

अथवा

आपके क्षेत्र में सफाई कर्मचारी ठीक तरह से काम नहीं कर रहे हैं। अपने क्षेत्र में गंदगी एवं बीमारी फैलाने की सूचना देते हुए नगर–निगम के स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखिए।

प्र07. नीचे दिए गए संकेतों–बिन्दुओं के आधार पर निबंध लिखिए।

'इंटरनेट –सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में प्रगति'

संकेत

प्रस्तावना, इंटरनेट का आरंभ, इंटरनेट के मुख्य भाग, उपयोग, हानियाँ, निष्कर्ष।

अथवा

'नैतिक मूल्यों के उत्थान में शिक्षक की भूमिका'

प्रस्तावना, नैतिक मूल्यों में गिरावट, शिक्षा का उद्देश्य, शिक्षक की महत्वपूर्ण भूमिका, निष्कर्ष।

; ................................